कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

राजनांदगांव : जोड़ीदार राज्य गुजरात की राज्यभाषा गुजराती का ज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं को प्रदान करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 13 एवं 14 जनवरी 2020 को किया गया । इन कक्षाओं में लगभग 158 छात्राओं ने गुजराती भाषा की लिपि एवं भाषा की सामान्य जानकारियां प्राप्त की । गुजराती भाषा की विशेषज्ञ श्रीमती धारा रायचा द्वारा गुजराती भाषा के तकनिकियों से छात्राओं को अवगत कराया गया । शिक्षण के दौरान गुजराती वर्णमाला, आम बोल–चाल के शब्दों तथा सामान्य वाक्यों को सरल माध्यम से सिखाया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 13 जनवरी 2020 प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैं, जबकि वे जोड़ीदार राज्य गुजरात की संस्कृति, रहन सहन, खानपान एवं रीति रिवाजों से परिचय प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागी छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी ।